भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र

पोस्ट : ईसीआईएल
हैदराबाद-500 062

"सरकार इस प्रकार के कार्यबल के लिए प्रयत्नशील है जिससे लैंगिक संतुलन बना रहे और महिला अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किए जाते हैं"

**विज्ञापन सं. नाईंस/02/2019**

नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, हैदराबाद परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत एक औद्योगिक स्थापना, के पास जर्कोनियम परिसर, पलायकायल, तूतीकोरिन जिला, तमिलनाडु में एक स्थापना है और रावतभाटा, कोटा, राजस्थान में नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र- कोटा नामक एक हरित क्षेत्र परियोजना भी स्थापित की जा रही है। अतः **(i) नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, रावतभाटा, कोटा, राजस्थान और (ii) जर्कोनियम परिसर, पलयकायल, तूतीकोरिन जिला, तमिलनाडु, एवं** में तैनाती हेतु निम्नलिखित पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आन-लाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

तथापि, चयनित अभ्यर्थियों को, नियुक्ति होने पर, **एनएफसी की किसी इकाई में** और देश के विभिन्न भागों में स्थित परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में कार्य करने हेतु तैनात किया जा सकता है। पदों का विवरण और उक्त पदों हेतु पात्रता मापदंड निम्नानुसार हैं :-

I. **नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, रावतभाटा, कोटा, राजस्थान में तैनाती हेतु पदों का विवरण (पद कूटांक: 21901 से 21926)**

**सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-I** (**श्रेणी-I**)

**पदों की संख्या : 39** (अ.जा.-05, अ.ज.जा.**-02,** अन्य पिछड़ा वर्ग **-10,** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **-**03, अनारक्षित-19). **39** पदों में से**, होर्टीकल्चर (पद कूटांक:21911) पद विकलांग व्यक्तियों** (**दिव्यांग्जन**) **के लिए आरक्षित है।**

| **पद कूटांक** | **विषय/क्षेत्र** | **रिक्तियों की संख्या** | **न्यूनतम 60% अंकों के साथ (एसएससी (दसवीं कक्षा) के बाद तीन साल) डिप्लोमा की शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता.** |
|---|---|---|---|
| 21901 | मैकेनिकल | 16 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. |
| 21902 | कैमिकल | **02** | कैमिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. |
| 21903 | इलेक्ट्रिकल | 07 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. |
| 21904 | इलेक्ट्रोनिक्स | 02 | इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. |
| 21905 | इलेक्ट्रोनिक्स एवं इन्सट्रूमेंटेशन | 01 | इलेक्ट्रोनिक्स एवं इन्स्ट्रूमेंट्रेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. |
| 21906 | कंप्यूटर साइंस | 01 | कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. |

| पद कूटांक | विषय/क्षेत्र | रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 21907 | सिविल | 06 | सिविल इजीनियरिंग में डिप्लोमा. |
| 21908 | आर्किटेक्चर | 01 | आर्किटेक्चर असिस्टेंटशिप में डिप्लोमा. |
| 21909 | आटोमोबाइल | 01 | आटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. |
| 21910 | कैमिकल (बी.एस.सी. केमिस्ट्री) | 01 | एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों सहित केमिस्ट्री में बी. एससी. की डिग्री (केमिस्ट्री एक प्रमुख विषय के रूप में और फिजिक्स/गणित/सांख्यिकीय/बायोलॉजी गौण विषयों के रूप में होने चाहिए) |
| 21911 | होर्टीकल्चर | **01** | एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों सहित होर्टीकल्चर में बी. एससी. की डिग्री |
| **कुल** | | **39** | |

| **सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-II** (श्रेणी-II) | | | |
|---|---|---|---|
| **पदों की संख्या : 184** (**अ.जा.-27**, **अन्य पिछड़ा वर्ग -14**, **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग -51**, **अनारक्षित-92**) **I 184 पदों में से**, **लैब तकनीशियन (पद कूटांक : 21923) पद विकलांग व्यक्तियों** (**दिव्यांग्जन**) **के लिए आरक्षित है।** | | | |
| पद कूटांक | ट्रेड | रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता |
| 21912 | फिटर | 95 | न्यूनतम 60% अंकों सहित एसएससी (दसवीं कक्षा) परीक्षा में उत्तीर्ण और संबंधित ट्रेड में कम से कम एक वर्ष की अवधि का ट्रेड प्रमाणपत्र |
| 21913 | टर्नर | 12 | |
| 21914 | वेल्डर | 03 | |
| 21915 | मशीनिस्ट | 05 | |
| 21916 | इलेक्ट्रिकल | 20 | |
| 21917 | इलेक्ट्रोनिक्स एवं इन्स्ट्रूमेंट्रेशन | 05 | |
| 21918 | एयरकंडीशनिंग एवं रेफ्रीजेरेशन | 01 | |
| 21919 | डीजल मैकेनिक | 01 | |
| 21920 | प्लम्बर | 02 | |
| 21921 | कारपेंटर | 02 | |
| 21922 | मेसनरी | 01 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21923 | लैब तकनीशियन | 03 | न्यूनतम 60% अंकों सहित एसएससी (दसवीं कक्षा) परीक्षा में उत्तीर्ण तथा संबंधित ट्रेड में कम से कम एक वर्ष की अवधि का ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**(या)**<br>फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित विषयों के साथ न्यूनतम 60% अंकों सहित विज्ञान विषय में हायर सेकेंडरी(12वीं कक्षा) परीक्षा में उत्तीर्ण |
| 21924 | कैमिकल संयंत्र ऑपरेटर | 34 | |
| **कुल** | | **184** | |

| | |
|---|---|
| **पद कूटांक** | **21925** |
| पद का नाम | **प्रवर श्रेणी लिपिक** |
| सेवा का वर्ग | ग्रुप -सी- प्रशासनिक |
| रिक्तियों की संख्या | 12 (अ.जा.**-02,** अन्य पिछड़ा वर्ग **-03,** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **-01,** अनारक्षित-06) |
| वेतन | रु.25,500/- (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 04 में सेल नं.1) + केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए यथास्वीकार्य सामान्य भत्ते |
| **पात्रता** | |
| राष्ट्रीयता | अनिवार्य रूप से भारत का नागरिक होना चाहिए |
| **आयु**<br>(आयु की गणना आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक की जाएगी) | अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु: न्यूनतम 18 वर्ष और 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>अ.जा. से श्रेणी संबंधित अभ्यर्थियों हेतु: न्यूनतम 18 वर्ष और 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थियों हेतु: न्यूनतम 18 वर्ष और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| **शैक्षिक योग्यता** | 50% न्यूनतम अंकों के साथ एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री या उसके समकक्ष। |
| **वांछनीय योग्यता** | • अँग्रेजी टंकण में 30 श.प्र.मि. की न्यूनतम गति बशर्ते दिव्यांग व्यक्ति जोकि लिपिकीय पद योग्य है, पर टंकण हेतु वांछनीय अर्हता नहीं रखता बशर्ते चिकित्सा बोर्ड से संलग्न विशेष दिव्यांग या जहां कोई चिकित्सा बोर्ड नहीं है वहाँ सिविल सर्जन प्रमाणित करें कि उक्त दिव्यांग व्यक्ति टंकण करने के योग्य नहीं है, ऐसे व्यक्ति को नियुक्ति दी जा सकती है।<br>• कंप्यूटर में डाटा संसाधन की जानकारी (जैसेकि कंप्यूटर प्रचालन और एम एस आफिस)। |

| पद कूटांक | **21926** |
|---|---|
| पद का नाम | **कार्य सहायक 'ए'/हास्पिटल कार्य सहायक 'ए'** |
| सेवा का वर्ग | ग्रुप -सी- सहायक |
| रिक्तियों की संख्या | 20 (अ.जा.-03, अ.ज.जा.-02, अन्य पिछड़ा वर्ग -04, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग -02, अनारक्षित-10) - 20 पदों में से, एक पद विकलांग व्यक्ति (दिव्यांग्जन) के लिए आरक्षित है। |
| वेतन | रु.18,000/- (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 01 में सेल नं.1) + केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए यथास्वीकार्य सामान्य भत्ते |
| **पात्रता** | |
| राष्ट्रीयता | अनिवार्य रूप से भारत का नागरिक होना चाहिए |
| **आयु**<br>(आयु की गणना आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक की जाएगी) | **अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु**: न्यूनतम 18 वर्ष और 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>**अ.जा./अ.ज.जा. से श्रेणी संबंधित अभ्यर्थियों हेतु**: न्यूनतम 18 वर्ष और 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>**अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थियों हेतु**: न्यूनतम 18 वर्ष और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| शैक्षिक योग्यता | एसएससी (दसवीं कक्षा) परीक्षा में उतीर्ण |

II. **जर्कोनियम परिसर, पलयकायल, तूतीकोरिन जिला, तमिलनाडु में तैनाती हेतु पदों का विवरण (पद कूटांक: 21931 से 21933)**

| **सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-I** (**श्रेणी-I**) | | | |
|---|---|---|---|
| **पदों की संख्या : 06** (अ.जा.-01, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-01, अनारक्षित-04) | | | |
| **पद कूटांक** | **विषय/क्षेत्र** | **रिक्तियों की संख्या** | **न्यूनतम 60% अंकों के साथ (एसएससी (दसवीं कक्षा) के बाद तीन साल) डिप्लोमा की शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता)** |
| 21931 | कैमिकल | **05** | कैमिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. |
| **पद कूटांक** | **विषय/क्षेत्र** | **रिक्तियों की संख्या** | **शैक्षिक योग्यता** |
| 21932 | कैमिकल (बी.एस.सी. केमिस्ट्री) | 01 | एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों सहित केमिस्ट्री में बी. एससी. की डिग्री (केमिस्ट्री एक प्रमुख विषय के रूप में और फिजिक्स/गणित/सांख्यिकीय/बायोलॉजी गौण विषयों के रूप में होने चाहिए) |
| **कुल** | | **06** | |

| **सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-II** (**श्रेणी**-II) | | | |
|---|---|---|---|
| **पदों की संख्या :** 06 **(**अ.जा.-01**,** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **-**02**,** अनारक्षित-03**)** | | | |
| **पद कूटांक** | **ट्रेड** | **रिक्तियों की संख्या** | **शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता** |
| 21933 | कैमिकल प्लांट ऑपरेटर | 06 | न्यूनतम 60% अंकों सहित एसएससी (दसवीं कक्षा) परीक्षा में उतीर्ण तथा संबंधित ट्रेड में कम से कम एक वर्ष की अवधि का ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**(या)**<br>फिजिक्स**,** केमिस्ट्री और गणित विषयों के साथ न्यूनतम 60% अंकों सहित विज्ञान विषय में हायर सेकेंडरी(12वीं कक्षा) परीक्षा में उतीर्ण |
| **कुल** | | **06** | |

कल्पाक्कम, तमिलनाडु स्थित पीआरपी, बीएआरसी (परमाणु ऊर्जा विभाग की एक इकाई) में सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-II **के पद हेतु रिक्तियों को भरने के लिए इस इकाई को भी इस विज्ञापन में शामिल किया गया है।** नीचे वर्णित रिक्तियों के विरुद्ध पैनलबद्ध अभ्यर्थियों की आगे की भर्ती प्रक्रिया पर बीएआरसी, कल्पाक्कम द्वारा विचार किया जाएगा।

III. **पीआरपी, बीएआरसी, कल्पाक्कम, तमिलनाडु में तैनाती हेतु पदों का विवरण (पद कूटांक** : **21941** से **21945)**

| **पीआरपी**, **बीएआरसी**, **कल्पाक्कम हेतु सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-II** | | | |
|---|---|---|---|
| **पदों की संख्या** : **06; अनारक्षित- 05, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग - 01** | | | |
| **पद कूटांक** | **ट्रेड** | **पदों की संख्या** | **शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता** |
| 21941 | इलेक्ट्रिकल | 01 | न्यूनतम 60% अंकों सहित एसएससी (दसवीं कक्षा) परीक्षा में उतीर्ण और संबंधित ट्रेड में कम से कम एक वर्ष की अवधि का ट्रेड प्रमाणपत्र |
| 21942 | इलेक्ट्रोनिक्स | 02 | |
| 21943 | प्लम्बर | 01 | |
| 21944 | टर्नर | 01 | |
| 21945 | फिटर | 01 | |
| **कुल** | | **06** | |

| आयु (आयु की गणना आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक की जाएगी) | |
|---|---|
| **सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-I (पद कूटांक 21901 से 21911 और 21931 से 21932)** | |
| अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी | न्यूनतम 18 वर्ष और 24 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| अ.जा./ अ.ज.जा. श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी | न्यूनतम 18 वर्ष और 29 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थी | न्यूनतम 18 वर्ष और 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| | |
| **सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-II (पद कूटांक 21912 से 21924, 21933 और 21941 से 21945)** | |
| अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी | न्यूनतम 18 वर्ष और 22 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| अ.जा. श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी | न्यूनतम 18 वर्ष और 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थी | न्यूनतम 18 वर्ष और 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |

**कैट-I एवं कैट-II प्रशिक्षुओं हेतु प्रशिक्षण का कार्यक्षेत्र**

**a.** चयनित अभ्यर्थियों को संबंधित ट्रेड के विभिन्न पहलुओं पर और नाईस कोटा/जर्कोनियम परिसर, पलयकायल बीएआरसी-पीआरपी, कल्लपाकम की कठोर आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु **दो साल की अवधि के प्रशिक्षण सत्र** से गुजरना होगा।

**b.** दो साल की अवधि का प्रशिक्षण 6 महीने के क्लास रूम प्रशिक्षण और संयंत्र के भीतर/कार्य के दौरान का 18 महीने का प्रशिक्षण सत्र रहेगा।

c. प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षुओं के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रशिक्षु के हरेक प्रशिक्षण मॉड्यूल जैसेकि संयंत्र के अंदर थिओरिटिकल प्रशिक्षण में न्यूनतम 50% अंकों का स्कोर और आमेलन हेतु अनंतिम आमेलन साक्षात्कार को माना जाएगा।

**d.** कैट-**I** प्रशिक्षुओं को वैज्ञानिक सहायक-सी के रूप (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 07 में सेल नं.1) में आमेलन पर विचार किया जाएगा।

**e.** कैट-**II** प्रशिक्षुओं को उनके प्रशिक्षण अवधि और आमेलन साक्षात्कार के दौरान किए गए निष्पादन के आधार पर तकनीशियन-बी (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 03 में)/ तकनीशियन-सी (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 04 में) के रूप में आमेलन पर विचार किया जाएगा।

f. कैट-**I** एवं कैट-**II** प्रशिक्षु किसी भी प्रशिक्षण मॉड्यूल जैसेकि क्लास रूम प्रशिक्षण, कार्यस्थल पर कार्य प्रशिक्षण में और अनंतिम आमेलन साक्षात्कार में न्यूनतम 50% अंकों का स्कोर नहीं ले पता है तो उसके आमेलन पर कोई भी विचार नहीं किया जाएगा और उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।

| प्रशिक्षण के दौरान सटाईपेंड और सफलतापूर्वक आमेलन पर वेतन : | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **प्रशिक्षण के दौरान सटाईपेंड** | **बुक भत्ता** | **प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक समाप्ति के बाद ग्रेड** | **लेवेल में वेतन** | |
| **कैट-I प्रशिक्षु** (**पद कूटांक**: **21901 से 21911 एवं 21931 से 21932**): | | | | |
| रु.16000/- प्रति माह (पहले वर्ष) रु. 18000/- प्रति माह (द्वितीय वर्ष) | रु. 3000/- की एक-मुश्त किश्त | वैज्ञानिक सहायक 'सी' | रु.44900/- (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 07 में सेल नं.1) | |
| **कैट-II प्रशिक्षु** (**पद कूटांक**: **21912 से 21924**, **21933 एवं 21941 से 21945**): | | | | |
| रु.10,500/- प्रति माह (पहले वर्ष) रु.12,500/- प्रति माह (द्वितीय वर्ष) | रु. 3000/- की एक-मुश्त किश्त | 02 वर्ष के प्रशिक्षण के दौरान कार्य निष्पादन के आधार पर तकनीशियन'बी'/'सी' | तकनीशियन 'सी' के रूप में आमेलित होने पर | लेवेल -4 (25500/-) |
| | | | तकनीशियन 'बी' के रूप में आमेलित होने पर | लेवेल -3 (21700/-) |

| **कैट-I और कैट-II प्रशिक्षुओ द्वारा बॉण्ड भरा जाए** |
|---|
| चयनित अभ्यर्थियों को बॉण्ड भरना होगा कि वे प्रशिक्षण पूरा करेंगे और नाईंस, हैदराबाद, जर्कोनियम परिसर (पलयकायल) या नाईंस, कोटा में या पऊवि की किसी भी संघटक इकाई में आमेलन के पश्चात 03 वर्ष तक कार्य करेंगे। जो प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण पूरा करने अथवा नियुक्ति के पश्चात 03 वर्ष तक विभाग में सेवा करने में असफल रहेंगे, तो उन्हें प्रशिक्षण के दौरान दी गयी वृतिका की राशि दांडिक ब्याज सहित सरकार को वापिस करनी होगी। |

**तालिका -ए**

| सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-I और सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-II दोनों हेतु शारीरिक मापदंड | |
|---|---|
| **कद** | पुरुष अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम कद 152 से.मी. और महिला अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम कद 148 से.मी. रहेगा। पद के लिए आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे निर्धारित किया गया कद रखते हों। |
| **वजन** | अभ्यर्थी का न्यूनतम/अधिकतम वजन उसके कद के तदनुरूप बीएमआई रेंज 18.5 से 25 तक या उससे कम के अंदर होनी चाहिए। जिन अभ्यर्थियों की बीएमआई रेंज 17 से 18.5 (हल्का पतलापन) और 25 से 27.5 (मोटापे से पूर्व) है को स्वीकार किया जा सकता है, बशर्ते वे स्वस्थ हों और अगर जरूरत पड़े तो उन्हें चिकित्सा परीक्षा देनी होगी। |
| **विजन** | i. रतौंधी या वर्णान्धता अनहर्कता होगी .<br>ii. डिस्टेंट विजन : 6/18 या उससे बेहतर (बिना चश्मा या कोई अन्य मदद के बगैर), ठीक होने के बाद 6/6 नियर विजन ; एन8 (बिना चश्मा या कोई अन्य मदद के बगैर), ठीक होने के बाद N6.<br>iii. जिनके कान के पर्दों में छेद है वह आवेदन न करें। हालांकि, जिन अभ्यर्थियों के कान के पर्दों में छेद था और शल्य चिकित्सा द्वारा उसे ठीक कर लिया गया है, वे आवेदन करने के पात्र हैं। |

| कार्य सहायक 'ए'/हास्पिटल कार्य सहायक 'ए' के पद हेतु कर्तव्यों की प्रकृति |
|---|
| 1. प्रयोगशालाओं का क़ॉस्मेटिक रखरखाव और कार्यालय भवनों और आसपास के क्षेत्र जिनमें प्रसाधन भी शामिल हैं को साफ करना, वातावरण स्वच्छ रखना और विविध कार्यालय के कार्यों को करना आदि<br>2. संयंत्र/मशीनरी की साफ-सफाई और विसंदूषण, संयंत्रों/वर्कशॉप/भंडारों/कैंटीन और अन्य उपयोगिता क्षेत्रों में सहायता करना। यह कर्तव्य दिन-रात की पाली में शामिल रहेंगे।<br>3. हॉस्पिटल वार्ड या डिस्पेंसरीस को स्वच्छ अवस्था में रखना। रोगियों के स्पोंजिंग, कपड़े बदलने, उनके जांच परीक्षण/उपचार में सहायता करना। प्रयोगशाला नमूनों को प्रयोगशाला विभाग तक पहुंचाना। नर्सिंग स्टाफ के साथ रोगियों के बिस्तर बनवानें, खाना बांटने, वस्तुओं, रसोई के सामान को लेने/देने की प्रक्रियाओं में, फार्मेसी, भंडार से सामान लाने आदि में मदद करना।<br>4. मिट्टी खोद कर और विभिन्न पौधों को लगाकर बगीचों को रखरखाव करना; बगीचों को झाड़ू लगाकर पानी देना, वीडिंग करना, मोविंग करना, मेन्यूरिंग, प्रूनिंग कर उनका रखरखाव करना और पौधों और फूलों का प्रचार करना।<br>5. विविध कार्यालय के कार्यों आदि को करना। |

## <u>चयन प्रक्रिया</u>

| चयन प्रक्रिया (पद कोड 21901 से 21911 और 21931 से 21932) |
|---|
| • **स्टेज-1 प्रारंभिक (स्क्रीनिंग) टेस्ट :** जो आवेदक पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं उन्हें संबंधित विषय/ट्रेड में बहुविकल्पीय प्रश्न (चार उत्तरों का विकल्प) युक्त स्टेज-1 प्रारंभिक (स्क्रीनिंग) परीक्षा में बुलाया जाएगा<br>• प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को (03) अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 01 अंक काट लिया जाएगा।<br>• यह टेस्ट एकल/बहु सत्रों में आयोजित किया जाएगा।<br>• 50% से कम अंक प्राप्त करने वाले सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों, 40% से कम अंक प्राप्त करने वाले अजा/अपिव के अभ्यर्थियों और 35% से कम अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति के **अभ्यर्थियों को स्टेज-1 परीक्षा में स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा।** |
| **स्टेज-2: (साक्षात्कार) :** |
| • स्टेज- I प्रारंभिक (स्क्रीनिंग) टेस्ट में उतीर्ण सभी अभ्यर्थियों को नाईंस, हैदराबाद में शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा में उपस्थित होना होगा। जो अभ्यर्थी शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं, उन्हें नाईंस हैदराबाद में व्यक्तिगत साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा।<br>• स्क्रीनिंग टेस्ट में स्कोर किए गए अंक अभ्यर्थियों के चयन हेतु किसी भी किस्म की वरीयता में सहायक नहीं होंगे।<br>• **अभ्यर्थियों का अंतिम चयन केवल उनके साक्षात्कार में निष्पादन पर आधारित होगा।** |

| चयन प्रक्रिया (पद कोड 21912 से 21924, 21933 और 21941 से 21945) |
|---|
| • **स्टेज-1 प्रारंभिक (स्क्रीनिंग) टेस्ट :**<br>• जो आवेदक पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं उन्हें स्टेज-1 प्रारंभिक (स्क्रीनिंग) परीक्षा में बुलाया जाएगा जोकि 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (चार उत्तरों का विकल्प) (गणित-20 प्रश्न, साइंस-20 प्रश्न और सामान्य ज्ञान-10 प्रश्न) युक्त होगी जिनका उत्तर 01 घंटे में देना होगा।<br>• प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को (03) अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 01 अंक काट लिया जाएगा।<br>• यह टेस्ट एकल/बहु सत्रों में आयोजित किया जाएगा।<br>• अजा/अपिव से संबंधित अभ्यर्थी, और यदि स्टेज-1 की परीक्षा में 30% से कम अंक प्राप्त करते हैं तो उन्हें स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा और इसी प्रकार, अन्य अभ्यर्थियों को स्टेज-1की परीक्षा में 40% से कम अंक प्राप्त करने पर स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा। |

| |
|---|
| • **स्टेज-2 प्रगत परीक्षा** :<br>स्टेज-I में स्क्रीन-इन किए गए अभ्यर्थियों को उनके संबंधित ट्रेड के लिए प्रगत परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।<br>• इस परीक्षा में 50 बहुविकल्पी (चार उत्तरों का विकल्प) प्रश्न होंगे जिनका उत्तर 02 घंटे में देना होगा।<br>• प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को (03) अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 01 अंक काट लिया जाएगा।<br>• स्टेज-2 प्रगत परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों की एक मेरिट सूची तैयार की जाएगी।<br>• अभ्यर्थियों की गुणवत्ता सूची स्टेज-2(प्रगत परीक्षा**)** में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी<br>• अ.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थी, और यदि स्टेज-1 की परीक्षा में 20% से कम अंक प्राप्त करते हैं तो उन्हें स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा और इसी प्रकार, अन्य उन अभ्यर्थियों को स्टेज-1 में 30% से कम अंक प्राप्त करने पर स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा। |
| **स्टेज-3 -शारीरिक मापदंड परीक्षा के बाद कौशल परीक्षा:**<br>• **स्टेज -2 के बाद तैयार मेरिट सूची के आधार पर** अभ्यर्थियों को उपरोक्त तालिका-ए के अनुसार शारीरिक मापदंड परीक्षा के लिए लघुसूचीकृत किया जाएगा।<br>• शारीरिक मापदंड परीक्षा उतीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को स्टेज-3 की कौशल परीक्षा में भाग लेने हेतु अनुमति दी जाएगी।<br>• स्टेज-3 (कौशल परीक्षा) हेतु लघुसूचीकृत अभ्यर्थियों की संख्या स्टेज-2 में उतीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर होगी परंतु यह स्टेज-3 की कौशल परीक्षा में लघुसूचीकृत अभ्यर्थियों की संख्या प्रत्येक व्यवसाय में रिक्तियों की संख्या की तुलना में 4-5 गुना से अधिक नहीं होगी।<br>• स्टेज-3 कौशल परीक्षा केवल अभ्यर्थियों के संबंधित ट्रेड में कौशल को अभिनिश्चित करने के लिए है और परीक्षा गो/नो-गो के आधार पर होगी।<br>• कौशल परीक्षा में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को लघुसूचीकृत किया जाएगा और स्टेज 2 में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची के अनुसार पैनलित किया जाएगा। |

| **पद कोड 21925 के लिए चयन प्रक्रिया:** |
|---|
| **लेवेल-1:** वस्तुनिष्ठ परिक्षा जिसमें सामान्य अँग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्क ज्ञान, परिमाणात्मक कौशल (अंकगणित) आदि शामिल होंगे।<br>अजा/अपिव के अभ्यर्थियों के लिए लेवेल-I में न्यूनतम अर्हता मानक पूर्णयोग 40% है और अन्य हेतु पूर्णयोग 50% है। लेवेल-1 में चयनित सभी अभ्यर्थियों को लेवेल-2 परीक्षा (विवरणात्मक) परीक्षा में बुलाया जाएगा।<br>**लेवेल -2-** अँग्रेजी भाषा एवं अवधारणा (विवरणात्मक लिखित परिक्षा)<br>**नियुक्ति का पैनल केवल लेवेल -II (मेन) में प्राप्तांकों के आधार पर किया जाएगा।** |

**पद कोड 21926 के लिए चयन प्रक्रिया:**

**स्टेज-1: (प्रारंभिक परीक्षा)**

- जो आवेदक पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं उन्हें स्टेज-1 प्रारंभिक (स्क्रीनिंग) परीक्षा में बुलाया जाएगा जोकि 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (चार उत्तरों का विकल्प) (गणित-20 प्रश्न, साइंस-20 प्रश्न और सामान्य ज्ञान-10 प्रश्न) युक्त होगी जिनका उत्तर 01 घंटे में देना होगा।
- प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को (03) अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 01 अंक काट लिया जाएगा।
- यह टेस्ट एकल/बहु सत्रों में आयोजित किया जाएगा।
- अजा/अजजा/अपिव से संबंधित अभ्यर्थी, और यदि स्टेज-1 की परीक्षा में 30% से कम अंक प्राप्त करते हैं तो उन्हें स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा और इसी प्रकार, अन्य अभ्यर्थियों को स्टेज-1 की परीक्षा में 40% से कम अंक प्राप्त करने पर स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा।
- जो अभ्यर्थी न्यूनतम निर्धारित अंकों की अर्हकता प्राप्त करते है को प्राप्त अंको के प्रतिशत के आधार पर पैनलित किया जाएगा।

- **स्टेज-2 (प्रगत परीक्षा)** :
  स्टेज-1 प्रारंभिक परीक्षा में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी प्रगत परीक्षा में भाग लेने के पात्र होंगे, जोकि 02 घंटे की अवधि की 50 बहुविकल्पीय प्रश्न गणित (15 प्रश्न), साइंस (15 प्रश्न), सामान्य ज्ञान (10 प्रश्न) और मूल अंग्रेजी (10 प्रश्न) युक्त होगें जिनका उत्तर देना होगा।
- इस परीक्षा में 50 बहुविकल्पी (चार उत्तरों का विकल्प) प्रश्न होंगे जिनका उत्तर 02 घंटे में देना होगा।
- प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को (03) अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 01 अंक काट लिया जाएगा।
- अभ्यर्थियों की मेरिट सूची स्टेज-2 (प्रगत परीक्षा) में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।
- स्टेज-2 की परीक्षा में समान अंक होने की स्थिति में, अभ्यर्थियों द्वारा स्टेज-1 व स्टेज-2 दोनों परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर उन्हें पैनलित किया जाएगा।

<table>
<tr><th colspan="3">आवेदन शुल्क :</th><th rowspan="4">अ.जा./अ.ज.जा./ महिला अभ्यर्थी, भूतपूर्व सैनिक और विकलांग (दिव्यांगजन) व्यक्तियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।</th></tr>
<tr><td>क्र. सं.</td><td>पद</td><td>शुल्क</td></tr>
<tr><td>01.</td><td>पद कोड 21901 से 21911 एवं 21931 और 21931 से 21932 तक</td><td>150/-</td></tr>
<tr><td>02.</td><td>अन्य सभी पद कोड के लिए</td><td>100/-</td></tr>
</table>

**<u>सामान्य अनुदेश</u>**

1. **अभ्यर्थियों को आवेदन https://nfcrecruitment.aptonline.in या www.nfc.gov.in लिंक के जरिए आन- लाइन प्रस्तुत करने होंगे।** किसी अन्य प्रकार से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

2. सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-I और सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-II के लिए अधिसूचित रिक्तियों पर आरक्षण विज्ञापित की गई समग्र रिक्तियों के आधार पर होगा। इसलिए, आरक्षण को विषय के आधार पर वर्गीकृत नहीं किया गया है।

**3. विकलांग व्यक्तियों (दिव्यांगजन) से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश :**

**क. निम्नलिखित पद केवल विकलांग (दिव्यांगजन) व्यक्तियों के लिए चिह्नित हैं।**

| पद के कोड | पद का नाम | विकलांगता की श्रेणी |
|---|---|---|
| 21911 | सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-I (होर्टिकल्चर) | OA, OL, HH |
| 21923 | सटाईपेंड्री प्रशिक्षु श्रेणी-II (प्रयोगशाला तकनीशियन) | OL, HH |
| 21925 | प्रवर श्रेणी लिपिक | OA, OL, OAL, BL, LV, HH |
| 21926 | कार्य सहायक 'ए'/ हास्पिटल कार्य सहायक 'ए' | BL, OL, LV, B, HH |

ख. उपर्युक्त चिह्नित निर्धारित अधिकतम आयु के ऊपर और ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्षों की छूट विकलांग व्यक्तियों (दिव्यांगजन) अभ्यर्थियों के उपर्युक्त चिह्नित हेतु स्वीकार्य होगी। आयु में छूट का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों के पास उचित मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित न्यूनतम 40% (चालीस प्रतिशत) विकलांगता (मामूली) होनी चाहिए।

ग. केंद्र सरकार द्वारा अशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण प्रतिभागिता) अधिनियम, 1995 (1996 के 1) धारा 73 की उपधारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 31/12/1996 को अधिसूचित शारीरिक अशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण प्रतिभागिता) नियमावली 1996 के अनुसार केंद्र या राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित एक मेडिकल बोर्ड द्वारा एक अशक्तता प्रमाण पत्र जारी करना होगा। केंद्र / राज्य सरकार कम से कम तीन सदस्यों वाला एक मेडिकल बोर्ड गठित करे जिनमें कम से कम एक सदस्य संबंधित क्षेत्र का विशेषज्ञ होना चाहिए।

घ. अस्थायी अशक्तता वाले **अभ्यर्थीयों** के प्रमाणपत्र 5 वर्ष की अवधि तक ही वैध रहेंगे। जहां अशक्तता की डिग्री में भिन्नता की संभावना हो चिकित्सा बोर्ड प्रमाणपत्र की अवधि इंगित करेगा। वे व्यक्ति जिनकी अशक्तता स्थायी है वैधता को स्थायी रूप में दिखाया जा सकता है। आवेदक द्वारा अभ्यावेदन दिए जाने पर, चिकित्सा बोर्ड मामले के सभी तथ्यों और परिस्थितियों से संबंधित अपने निर्णय की समीक्षा कर सकता है और इस मामले में जैसा उचित लगे वैसा आदेश पारित कर सकता है।

ङ. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़े वर्ग के शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति जिनका चयन बिना किसी छूट के अपनी योग्यता के बल पर अन्य अभ्यर्थियों के साथ हुआ है उन पर विचार अनारक्षित रिक्तियों के विरुद्ध किया जाएगा बशर्ते कि यह पद शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों से संबंधित श्रेणी में चिह्नित है (जैसा लागू हो)।

4. पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पात्रता की मानदंडों को पूरा करता है। पद के लिए आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थियों के पास एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ शैक्षिक संस्थान से निर्धारित योग्यता और अनुभव होना चाहिए।

5. विभागीय उम्मीदवार जिन्होंने उसी लाइन या संबद्ध काडर में न्यूनतम 03 साल की नियमित सेवा प्रदान की है, वे सीधी भर्ती द्वारा समूह 'सी' पदों पर नियुक्ति के लिए 40 वर्ष तक आयु (एससी / एसटी के लिए 45 वर्ष) तक छूट प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। यह छूट प्रवर श्रेणी लिपिक और कार्य सहायक 'ए' (पद कोड : **21925 एवं 21926**) के पदों के लिए लागू है।

6. केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकायों के अधीन कार्यरत व्यक्तियों को साक्षात्कार/स्टेज-2 की परीक्षा/लेवेल-2 की परीक्षा के समय या समय-समय पर जारी होने वाले अनुदेशों के अनुसार "**अनापत्ति प्रमाणपत्र**" प्रस्तुत करना होगा।

7. पदों पर नियुक्ति, विभाग द्वारा मेडिकल जाँच के अधीन होगी।

8. चयन एवं नियुक्ति होने पर, अभ्यर्थियों दिन-रात की पाली और परिस्थितियों की मांग के अनुसार में काम करना पड़ सकता है।

9. **भूतपूर्व सैनिक :**

भूतपूर्व सैनिकों को **<u>जो प्रवर श्रेणी लिपिक, पद कोड : 21925 और कार्य सहायक 'ए' पद कोड : 21926 के लिए आवेदन कर रहें हैं</u>** को ऊपरी आयु सीमा में आयु में छूट रक्षा सेना में प्रदान की गई सेवा + तीन साल तक जैसाकि विज्ञापन में निर्धारित अधिकतम आयु के ऊपर और उससे अधिक की छूट दी जाएगी।

भूतपूर्व सैनिक यानि वह व्यक्ति जिसने भारतीय संघ की थल सेना, नौसेना अथवा वायु सेना की नियमित सेवा में योधी अथवा गैर-योधी के रूप में किसी भी पद पर कार्य किया हो और

(i) जो ऐसी सेवा से अपनी पेंशन प्राप्त करने के बाद सेवानिवृत हुआ/हुई है। इसमें ऐसे व्यक्ति भी शामिल हैं जो अपनी पेंशन प्राप्त करने के बाद अपने स्वयं के अनुरोध पर सेवानिवृत हुए हैं/किए गए हैं; (या)

(ii) जो ऐसी सेवा से सेना में सेवा योग्य न रहने/ऐसी परिस्थिति जो उनके नियंत्रण में न हो, के वश चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त किए गए हों; (या)

(iii) वे ऐसी सेवा से उनके अपने अनुरोध के बिना ही स्थापना में स्टाफ कम करने की नीति के परिणामस्वरूप कार्यमुक्त किए गए हों; (या)

(iv) वे ऐसी सेवा से उनके अपने अनुरोध के बिना ही विनियोजन की विशेष अवधि पूरी करने के उपरांत कार्यमुक्त किए गए हों अथवा कदाचार या अयोग्यता के कारण बर्खास्त या कार्यमुक्त किए गए हों और उन्हें ग्रेच्युटी दी गई हो। इसमें प्रादेशिक सेना की निम्नलिखित श्रेणियों के कार्मिक भी शामिल हैं यथा :

(क) निरंतर अवशोषित सेवा के लिए पेंशन धारक।

(ख) सैन्य सेवा के कारण अपंगता के साथ पेंशन

(ग) गैलेन्ट्री पुरस्कार विजेता।

10. जिन भूतपूर्व सैनिकों ने भूतपूर्व सैनिकों को पुनः रोजगार के अंतर्गत आरक्षण का लाभ लेते हुए सिविल साइड में केंद्र सरकार के अंतर्गत ग्रुप सी एवं डी पदों पर नियमित आधार पर रोजगार प्राप्त कर लिया है वे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत लाभ लेने के लिए पात्र नहीं हैं।

11. दिनांक 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान आमतौर पर जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग के अधिवासी रहे सभी व्यक्ति, अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट पाने के हकदार होंगे बशर्ते छूट किसी परीक्षा में भाग लेने के लिए संबंधित नियमों के अंतर्गत अनुज्ञेय अधिकतम अवसरों की संख्या के अनुसार हो।

    आवास के प्रमाण के संबंध में प्रमाण-पत्र - कोई व्यक्ति जो आयु सीमा में छूट का लाभ उठाना चाहता है तो उसे निम्नलिखित प्राधिकारी से प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा :

    क) कश्मीर संभाग के जिला मजिस्ट्रेट जिसके अधिकार क्षेत्र में उसने साधारणतया निवास किया हो ; या

    ख) इस कार्य के लिए जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा पदस्थापित कोई अन्य प्राधिकारी जो यह प्रमाणित करें कि दिनांक 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान उसने (अभ्यर्थी ने) जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में साधारणतया निवास किया था।

12. ऐसे व्यक्ति के बच्चों/परिवार के सदस्यों को जिनकी वर्ष 1984 के दंगे में मृत्यु हुई थी, अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देय होगी।

13. **प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण पत्र** : जिन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार /स्टेज -2/लेवल-2 परीक्षा के लिए बुलाया गया है, उन्हें नीचे वर्णित मूल प्रमाणपत्र और इनकी स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रतियों के साथ, ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी :

क. दसवीं कक्षा (एसएससी) से प्रारंभ करते हुए शैक्षिक योग्यताएँ और तकनीकी योग्यताएँ उचित मार्क शीट के साथ

ख. जन्म तिथि / आयु का प्रमाण।

ग. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में किसी ऐसे प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो जिसे ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत किया गया हो तथा संबंधित राज्य से संबंधित जाति/समुदाय को राष्ट्रपति आदेश द्वारा उक्त राज्य हेतु शामिल किया गया है।

अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के जाति प्रमाणपत्र, नान-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ होना चाहिए और उस जाति / समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में शामिल किया गया हो। अन्य पिछड़े वर्ग नान-क्रीमी लेयर के प्रमाण पत्र निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तारीख **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि होगी**। आयु में छूट एवं आरक्षण हेतु ओबीसी का अर्थ है" अन्य पिछड़े वर्ग का वह व्यक्ति जो नान-क्रीमी लेयर वर्ग से संबंधित नहीं हैं" जिसकी परिभाषा भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक

08.09.93 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93 स्था.(एससीटी) में उल्लिखित है और दिनांक 27.05.2013 ज्ञापन संख्या 36033/1/2013 स्था.(आरईएस) द्वारा आशोधित है।

घ. शारीरिक अक्षमता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ अशक्तता प्रमाणपत्र।

ङ. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

च. केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकायों के अधीन कार्यरत व्यक्तियों को "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना होगा।

छ. 1984 के दंगों से प्रभावित होने का प्रमाण (यदि आयु सीमा में छूट का दावा करते हैं)।

ज. दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 तक कश्मीर प्रभाग के अधिवासी होने का प्रमाण पत्र (यदि कश्मीर प्रभाग हेतु आयु सीमा में छूट का दावा करते हैं)

झ. भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाणपत्र।

**नोट**: उम्मीदवार जो ऊपर वर्णित दस्तावेज जमा करने में विफल रहते हैं, वे स्टेज-2 /लेवेल -2 परीक्षा के लिए उपस्थित होने के योग्य नहीं होंगे।

14. आयु : आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि अर्थात **10.01.2020** को आयु की गणना की जाएगी।

15. एससी / एसटी / ओबीसी से संबंधित उम्मीदवार आवेदन में अपनी श्रेणी को स्पष्ट रूप से दर्शाएँ, चाहे वे अनारक्षित पदों के लिए आवेदन कर रहें हों । ऐसा न करने पर, उन्हें अनारक्षित माना जाएगा और बाद में समुदाय की स्थिति में परिवर्तन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

16. जो आवेदन, आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है। मात्र ऑनलाइन आवेदन जमा कर देने से आगे की भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार नहीं मिल जाता है। जो आवेदन इस विज्ञापन के अनुरूप नहीं हैं, भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्टेज में निरस्त कर दिए जाएंगे। इस संबंध म में अभ्यर्थियों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

17. उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे सही जानकारी भर रहे हैं, और इस बात को समझें कि असत्य सूचनाएं प्रस्तुत करने से उन्हें लिखित परीक्षा / नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

18. आवेदकों को उनके आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर परीक्षा में बैठने दिया जाएगा। इसलिए सभी अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि वे पद के लिए आवेदन करने से पहले सभी योग्यता मानदंडों को पूरा करते हों। अभ्यर्थियों को आवेदन जमा करने की तारीख पर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से आवश्यक शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता प्राप्त हो जानी चाहिए। **साक्षात्कार/स्टेज-2/लेवेल-2 परीक्षा के समय** ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट के साथ आवश्यक योग्यता प्राप्त किए जाने के समर्थन में स्व-प्रमाणित प्रमाणपत्रों, मार्कशीट की प्रतियां एवं सत्यापन हेतु इनकी मूल प्रतियों को प्रस्तुत करनी होंगी।

19. नियुक्ति पर, वे व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 22.12.2003 की अधिसूचना सं. एफ.5/7/2003-ईसीबी और पीआर समय-समय पर संशोधित के अनुसार नई पेंशन योजना द्वारा शासित होंगे।

20. नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र भर्ती/चयन प्रक्रिया के किसी भी स्टेज में कोई कारण बताए बिना, सभी पदों को भरने या यहां तक कि विज्ञापन रद्द करने का अधिकार रहेगा।

21. **यात्रा भत्ता:**
चयन परीक्षा(स्क्रीनिंग टेस्ट)/साक्षात्कार के लिए बाहर से बुलाए गए अनुसूचित जाति /अनुसूचित जन जाति के बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियमानुसार लघुतम मार्ग से उनके सामान्य निवास से परीक्षा केंद्र तक आने और वापस जाने की यात्रा के लिए रेलवे के द्वितीय श्रेणी (सामान्य) के सिंगल किराए के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी बशर्ते वे इसके लिए उक्त निवास क्षेत्र के एमपी/एमएलए/राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी किया गया बेरोजगार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें। यदि रियायती टिकट उपलब्ध हैं तो वापसी यात्रा की प्रतिपूर्ति रियायती वापसी किराया के हिसाब से ही की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि अपने दावे वेबसाइट में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में भर कर अ.जा./अ.ज.जा. के प्रमाण- पत्र की प्रतिलिपि, टिकटों तथा बेरोजगार प्रमाण-पत्र के साथ प्रतिपूर्ति हेतु परीक्षा स्थल पर प्रस्तुत करें।

**आवेदन कैसे करें :**

- अभ्यर्थी अपना आवेदन ऑनलाइन भरने के लिए नाईंस की वेबसाइट www.nfc.gov.in या https://nfcrecruitment.aptonline.in पर दिये गए लिंक पर क्लिक करें।
- आवेदन प्रक्रिया, आवेदन शुल्क का भुगतान, फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने और सबमिट किए गए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने के लिए, यूजर गाइड वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- आवेदकों को आवेदन जमा करने के लिए यूज़र गाइड को पढ़ना होगा और फिर आगे बढ़ना होगा।
- हस्तलिखित / टाइप / फोटोस्टेट प्रतियां / बाहर से प्रिंट किए गए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएंगे।
- किसी भी स्पष्टीकरण के लिए निम्न पर संपर्क किया जा सकता है :
- ई-मेल: nfc.helpdesk@aptonline.in (या) हेल्पडेस्क संख्या 040-61660259 (हेल्प डेस्क का न. सोमवार से शनिवार तक प्रातः 1030 बजे से सायं 1800 बजे तक उपलब्ध रहेगा)।
- आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़:
  (क) उम्मीदवार हाल ही में ली हुई पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ (अधिकतम आकार 50 ऱB)
  (ख) उम्मीदवार के हस्ताक्षर (अधिकतम आकार 30 ऱB)

**टिप्पणी:**

1) नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र (एनएफसी) ऑनलाइन के माध्यम से विवरण जमा करने में किसी भी विसंगति के लिए ज़िम्मेदार नहीं है। इसलिए आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे, निर्देशों और यूजर गाइड का कड़ाई से पालन करें।

2) आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण को अंतिम माना जाएगा और आवेदन की आगे की प्रक्रिया केवल इन्हीं विवरणों पर आधारित होगी।

3) आवेदन पत्र अपलोड / जमा करने से पहले, अभ्यर्थियों को सावधानी बरतनी चाहिए और पद के लिए योग्य हैं या नही सुनिश्चित कर लेनी चाहिए। आवेदन पत्र का कोई संबंधित कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

4) केवल मानदंडों को पूरा करने से लिखित परीक्षा / आगे भर्ती प्रक्रिया के लिए बुलाऐ जाने का कोई अधिकार नहीं होगा।

5) चयनित सूची तैयार हो जाने की तिथि से 6 माह की अवधि के बाद अचयनित अभ्यर्थियों का रिकॉर्ड संरक्षित नहीं रखा जाएगा।

| |
|---|
| **विज्ञापन रोजगार समाचार पत्र में दिनांक 21.12.2019 को तथा राष्ट्रीय एवं स्थानीय समाचार पत्रों में दिनांक 22.12.2019 को प्रकाशित किया गया है।** |
| **आन-लाईन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि दिनांक 10.01.2020 तक है।** इस तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। |
| किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार को अयोग्यता माना जाएगा। |
| **इस अधिसूचना के कारण यदि कोई कानूनी विवाद उत्पन्न होता है तो उसका न्यायिक क्षेत्र केवल हैदराबाद होगा** |
| किसी विवाद के मामले में वेबसाइट www.nfc.gov.in और https://nfcrecruitment.aptonline.in पर डाले गए विज्ञापन के अंग्रेजी पाठ को संदर्भ के रूप में लिया जाएगा। |